# भारत डायनामिक्स लिमिटेड

**(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)**

**निगम कार्यालय, गच्ची बाउली – हैदराबाद**

बीडीएल/104/बीडी-नि.वा./06 दिनांक : 7 फरवरी, 2020

**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

## बीडीएल ने अमोघा – III लाँच किया



भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने Defexpo-2020 के दौरान अपने नये-उत्पाद अमोघा –III लाँच किया।

आज बीडीएल के सीएमडी कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.) द्वारा माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह को उत्तरप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ, माननीय रक्षा मंत्री श्री श्रीपाद येसो नाईक, सचिव (रक्षा), डॉ अजय कुमार, सचिव, रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग आर अण्ड डी के अध्यक्ष डॉ जी सतीश रेड्डी के समक्ष में अमोघा – III का एक नमूना सौंपा।

बीडीएल ने डी आर डी ओ के सहयोग से अमोघा – III का अभिकल्पन एवं विकास किया। यह तीसरी पीढ़ी का 'फायर करो भूल जाओ' श्रेणी का टैंक रोधी संचालित प्रक्षेपास्त्र है जिसमें ड्युअल मोड आई आई आर सीकर है और इसकी रेंज 200 से 2500 मीटर है। टैंडम वारहेड से युक्त अमोघा – III में शीर्ष / प्रत्यक्ष हमला करने की क्षमता है और व्यक्तिवाह्य है। प्रयोक्ता ट्रायल के बाद इसे वाणिज्यक कर दिया जाएगा।

# भारत डायनामिक्स लिमिटेड

**(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)**

**निगम कार्यालय, गच्ची बाउली – हैदराबाद**

बीडीएल/104/बीडी-नि.वा./06 दिनांक : 7 फरवरी, 2020

**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

**भारतीय नौ सेना को वरुणास्त्र सौंपा गया**



बीडीएल द्वारा विनिर्मित भारी टॉरपिडो ‘वरुणास्त्र’ आज भारतीय नौ सेना को सौंपा गया।

दिनांक 7 फरवरी, 2020 को लखनऊ में आयोजित Defexpo-2020 के दौरान माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने उत्तरप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ, मानानीय रक्षा राज्य मंत्री श्री श्रीपाद येसो नाईक, सचिव (रक्षा), डॉ अजय कुमार, आर अण्ड डी रक्षा विभाग के सचिव, डी आर डी ओ के अध्यक्ष डॉ जी सतीश रेड्डी और बीडीएल के सीएमडी कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.) के समक्ष में इस वरुणास्त्र को द्वारा कमांडर-इन-चीफ वाइस एडमिरल पी अजित कुमार को सौंपा।

एन एस टी एल, डी आर डी ओ द्वारा विकसित एवं बीडीएल की विशाखापट्टणम की अपनी इकाई में विनिर्मित ‘वरुणास्त्र’ जहाज में प्रमोचित भारी पनडुब्बी रोधी एक प्रोन्नत टॉरापिडो है। इसकी गति 20 से 40 नॉट है। यह ध्वानिक प्रतिमारक परिवेश में तथा उथली/गहरें जल में परिचालित शामक, एनिकॉयिक पनडुब्बियों को भेदने में सक्षम है। इस टॉरपिडो को प्रयुक्त किए जा रहे सभी प्रकार के मुख्य श्रेणी के जहाजों से प्रमोचित किया जा सकता है।